वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर

पत्रांकः पू0वि0वि0 / डी0एस0डब्लू/389/2026–27 दिनांक : 31.08.2026

आवश्यक सूचना

1–विश्वविद्यालय परिसर में अध्ययनरत समस्त वर्गो के (पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक वर्ग, समान्य वर्ग, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति) जिन छात्र/छात्राओं द्वारा सत्र 2025–26 में दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति का आवेदन फार्म समस्त वांछित संलग्नको सहित अपने विभाग में जमा किया था परन्तु किन्ही कारणों से छात्रवृत्ति की धनराशि उनके बैंक खाते में अंतरित नहीं हुयी है। ऐसे छात्र/छात्राओं को सूचित किया जाता है कि छात्रवृत्ति के वर्तमान स्टेटस की प्रति, छात्रवृत्ति आवेदन फार्म की छाया प्रति, डी0एस0डब्लू का प्रोफार्मा, विगत वर्ष का अंक पत्र, हाईस्कूल के अंक प्रत्र की छाया प्रति एवं बैंक पास बुक की छाया प्रति के साथ बैंक खाता **NPCI Mapper** पर **Map** के प्रमाण–पत्र के साथ अधिष्ठाता छात्र कल्याण कार्यालय में दिनांक 05.09.2026 तक अनिवार्य रूप से जमा करें।

2–सत्र 2025–26 में जिन छात्रों की छात्रवृत्ति **Bank Transaction fail** के कारण नहीं आई है ऐसे छात्र/छात्रा **Bank Transaction fail / NPCI Mapper** पर **Map** न होनें के कारणों दर्शाते हुये प्रार्थना पत्र अधिष्ठाा छात्र कल्याण कार्यालय को उपरोक्त संलग्नको के साथ में दिनांक 05.09.2026 तक अनिवार्य रूप से जमा करें अन्यथा की स्थिति में वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।

31.08.26

(प्रो0 प्रमोद कुमार यादव)
अधिष्ठाता छात्र कल्याण

प्रतिलिपिः–

1–समस्त विभागाध्यक्ष/संकायाध्यक्ष, विश्वविद्यालय परिसर में संचालित पाठ्यक्रम को इस आशय के साथ प्रेषित कि अपने संकाय के समस्त छात्र/छात्राओं को सूचित करने का कष्ट करें।
2–निजी सचिव कुलपति, कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
3–वरिष्ठ आशुलिपिक कुलसचिव, कुलसचिव जी के सूचनार्थ।
4–उप कुलसचिव, छात्रवृत्ति के सूचनार्थ।
5–वेब प्रभारी को इस आशय के साथ प्रेषित कि सूचना को वेब–साइट पर अविलम्ब अपलोड करने का कष्ट करें।
6–अधिष्ठाता छात्र कल्याण कार्यालय के सूचना पट्ट पर चस्पा करने हेतु।

अधिष्ठाता छात्र कल्याण